# अधिग्रहण पर ईएक्सए

## कंपनी ने कहा, अधिग्रहण पर 20 करोड़ डॉलर र

किरण राठी
नई दिल्ली, 30 सितंबर

नोएडा की बीपीओ कंपनी ईएक्सएल बीमा, बैंकिंग और एनालिटिक्स के क्षेत्र में काम कर रही कंपनियों के अधिग्रहण पर 20 करोड़ डॉलर खर्च करने पर विचार कर रही है ताकि अपने प्रमुख कारोबारी क्षेत्र को मजबूत बनाया जा सके।

पिछले कुछ महीने में दो कंपनियों का अधिग्रहण कर चुकी ईएक्सएल 2.5 से 5 करोड़ डॉलर के दायरे में कंपनियों के अधिग्रहण को आदर्श लक्ष्य बता रही है, हालांकि बड़ी कंपनियों के अधिग्रहण से भी इसे परहेज नहीं है।

ईएक्सएल के मुख्य कार्याधिकारी और चेयरमैन रोहित कपूर ने बिजनेस स्टैंडर्ड से कहा, हमारी बैलेंस शीट में करीब 20 करोड़ डॉलर की नकदी है, जिसका इस्तेमाल हम कंपनियों के अधिग्रहण पर कर सकते हैं। मोटे तौर पर हम 2.5 से 5 करोड़ डॉलर वाली कंपनियां खरीदेंगे, लेकिन अगर इससे भी बड़ी कंपनियां सामने आई तो हम उससे भी परहेज नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों की कंपनियों के अधिग्रहण पर ईएक्सएल विचार कर रही है उनमें बीमा, बैंकिंग व एनालिटिक्स शामिल हैं।

कपूर ने कहा, हमारा ध्यान कुछ प्रमुख उद्योग पर है, ताकि हम बीमा के क्षेत्र में बाजार की अग्रणी कंपनी बन सकें। इस बाजार पर हमारा वर्चस्व है और हमारे राजस्व का करीब 50 फीसदी बीमा से आता है। हम बैंकिंग, एनालिटिक्स और स्वास्थ्य सेवा में काफी मजबूत स्थिति में हैं, ऐसे में यही क्षेत्र हैं जहां हम खुद को अलग कर सकते हैं।


उन्होंने कहा कि उद्योग में बदलाव हो रहा है क्योंकि काफी रोबोटिक्स आ गए हैं, ऑटोमेशन हो रहा है और कई तकनीकी प्लेटफॉर्म भी हैं और ये सारी चीजें डिजिटलीकरण की ओर बढ़ने के लिए है और ये चीजें कंपनी के लिए नए तरह के मौके सृजित कर रहे हैं।

डिजिटलीकरण में लोग दो चीजों की ओर देखते हैं – वे उपभोक्ता के अनुभव में इजाफा करना चाहते हैं और दूसरा, वे सारी चीजें ऑनला
कहा, ऐसे में ह
अधिग्रहण शु
कंपनियों को
मिलेगी। जून
लिस सिस्टम्स
था, जो ऐसा
बना रही है ज
ऑनलाइन बे
क्लाइंट इस
चाहते हैं।

ईएक्सए
अधिग्रहण
इसने आईक्य
का अधिग्रह
व जोखिम
मुहैया करात

अमेरिक
करीब 70 
है। वहां आ
राजनीतिक
जाने पर

### बैंकिंग व बीमा क्षेत्र में दिग्गज



- ईएक्सएल के
ने कहा, मोटे
कंपनियां खरी
सामने आई
- जून के आखि
किया था, जो
बीमा पॉलिसी
- ईएक्सएल ने
आईक्यूआर

# में द.
# ारत
## ता है



त्पादन इस साल
में 6.6 फीसदी बढ़ा

उत्पादन के आंकड़े
स ऑटोमोटिव के
को लगता है कि
त्पादन का मसला
साल से श्रमिक व
सबसे ज्यादा खराब
ई के श्रमिक यूनियन
ार राष्ट्रीय स्तर पर
ससे पहले वह कई
पर काम रोक चुकी
क्टरी में यूनियन ने
कोरिया में इसका
ाधार है जहां पिछले
चे जाने वाले इसके
ी उत्पादित हुआ।
खबरों के मुताबिक,
ो 1.14 लाख वाहन

# ट्राई ने जियो मुद्दे पर रोजाना रिपोर्ट मांगी

एजेंसियां
नई दिल्ली, 30 सितंबर

दूरसंचार की पुरानी दिग्गज कंपनियों और रिलायंस समूह के जियो के बीच कनेक्टिविटी के मसले पर जारी विवाद के बीच भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने सभी ऑपरेटरों से इंटरकनेक्शन से संबंधित दैनिक रिपोर्ट देने को कहा है।

ट्राई के अध्यक्ष आर एस शर्मा ने आज यहां कहा कि सभी ऑपरेटरों को अत्यधिक व्यस्तता वाले समय में एक दूसरे को दी जाने वाली कनेक्टिविटी के बारे में प्रतिदिन की रिपोर्ट देनी होगी। ट्राई ने पहले भी इस मुद्दे पर ऑपरेटरों से 15–19 सितंबर की अवधि की कनेक्टिविटी रिपोर्ट मांगी थी। इस बार उसने कहा गया है कि वे 20 सितंबर से लेकर अपनी रिपोर्ट पेश करें।

दरअसल रिलायंस जियो ने पहले से मौजूद ऑपरेटरों पर यह आरोप लगाया है कि वे उसे इंटर–कनेक्टिविटी नहीं दे रहे हैं जिससे उसके ग्राहकों की कॉल बड़ी संख्या में ड्रॉप हो रही हैं। जियो ने बहुत कम दरों पर डेटा सेवाओं और मुफ्त में वॉयस कॉल की पेशकश कर मौजूदा ऑपरेटरों को तगड़ी चुनौती दी है। ट्राई अध्यक्ष ने दूरसंचार ऑपरेटरों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात कर उनका पक्ष जानने की कोशिश की। जब उनसे इस मुलाकात की वजह के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि ऑपरेटरों ने इंटर–कनेक्टिविटी यूजर चार्ज का पालन न किए जाने, शुल्क की दरों और गैर–भेदभाव पर अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा कि दूरसंचार ऑपरेटरों की शिकायतों पर गौर किया जाएगा।

गौरतलब है कि दिग्गज दूरसंचार कंपनियों भारती एयरटेल, वोडाफोन और आइडिया ने इस कारोबार की नई कंपनी रिलायंस जियो पर शुल्क दरों के उल्लंघन का आरोप लगाया हुआ है।

# बैंक प्रशासन में बड़ी भूमिका चाहता है बैंक बोर्ड ब्यूरो

## गैर-आधिकारिक निदेशकों की नियुक्ति के

अभिजित लेले और अनूप रॉय
मुंबई, 30 सितंबर



सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों के चयन में सरकार को सलाह देने वाले बैंक ब्रोर्ड ब्यूरो ने बड़ी भूमिका की मांग की है।

के बीच ल
होता है।
मसलों प
जिसमें बैं
से लेकर
का मसल
धारणा ब

**Info Edge (India) Limited**
CIN: L74899DL1995PLC068021
Regd. Office: GF-12A, 94, Meghdoot Building, Nehru Place, New Delhi-19
Corp. Office: B-8, Sector-132, Noida-201304 (Uttar Pradesh)
Tel: 0120-3082000; Fax: 0120-3082095
Web: http://www.infoedge.in/; email: investors@naukri.com

**NOTICE**

Notice is hereby given pursuant to Regulation 47(1) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 (LODR), that a Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Thursday, October 27, 2016 at the Corporate office of the Company, to inter-alia, consider and approve the Unaudited Financial Results of the Company for the Quarter and Half-year ended September 30, 2016, subject to a limited review by the Statutory Auditors.

In accordance with Regulation 46(2) and 47(2) of LODR, the details of the said Meeting are also available on website of the Company viz. http://www.infoedge.in/ and on the website of Stock Exchanges at http://www.bseindia.com/ and at http://www.nseindia.com/.

By Order of the Board of Directors
For Info Edge (India) Ltd.

Date : September 30, 2016
Place: Noida

(MM Jain)
VP-Secretarial & Company Secretary